


# इकोनॉमिक कॉरिडोर की जमीन का सीमांकन प्राथमिकता से कराएं : कलेक्टर

**एमपीआईडीसी के मुद्दों पर बैठक आयोजित**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर-पीथमपुर 75 मीटर चौड़े इकोनॉमिक कॉरिडोर के जमीन का सीमांकन प्राथमिकता से कराया जाए. साथ ही पीथमपुर सेक्टर-7, बरलाई शुगर मिल से जुड़े लंबित प्रकरणों, आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4 एवं प्लग-एंड-प्ले पार्क प्रगति की समीक्षा भी की गई. विशेष बात यह है कि कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस में एमपीआईडीसी के जमीन और विकास कार्यों को लेकर मुद्दा उठा था.**

इसके बाद आज कलेक्टर शिवम वर्मा ने एमपीआईडीसी कार्यालय में समीक्षा बैठक ली.



समीक्षा के दौरान एमपीआईडीसी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिमांशु प्रजापति ने विभिन्न परियोजनाओं की पीपीटी के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत की. उन्होंने बताया कि इंदौर-पीथमपुर इकॉनोमिक कॉरिडोर सिंहस्थ के पहले बनने से उपयोगी सिद्ध होगा क्योंकि उक्त कॉरिडोर एबी रोड से उज्जैन की ओर जाने वाले यातायात को शहर में प्रवेश किए बिना डायवर्ट करने में सहायक होगा. साथ ही शहर के पश्चिमी हिस्से में विकास को भी गति प्रदान करेगा. कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि कॉरिडोर मार्ग में आने वाली भूमि का सीमांकन प्राथमिकता से किया जाए, विशेषकर 75 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण हेतु आवश्यक भूमि का. उन्होंने कहा कि सीमांकन कार्य कॉरिडोर के दोनों सिरों से एक साथ प्रारंभ किया जाए, ताकि कार्य में गति आ सके तथा भूमि पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा सके.

## औद्योगिक परियोजनाएं समय सीमा में क्रियान्वित करें : प्रजापति

पीथमपुर सेक्टर-7 के प्रकरणों पर चर्चा के दौरान प्रजापति ने भूमि सीमांकन एवं लैंड रिकॉर्ड में तीव्रता लाने का आग्रह किया. कलेक्टर वर्मा ने संबंधित राजस्व अधिकारियों निर्देश दिए. बैठक में बताया गया कि वन विभाग से संबंधित वन भूमि विनिमय का प्रकरण प्रगति पर है. इसमें देरी होने से विकास कार्यों में विलंब हो रहा है. बरलाई शुगर मिल की भूमि से संबंधित रिकॉर्ड दर्ज करने की आवश्यकता पर भी प्रजापति ने जोर दिया. साथ ही रंगवासा औद्योगिक क्षेत्र एवं कन्फेक्शनरी क्लस्टर में चल रहे अतिक्रमण हटाने हेतु जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया. आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4 एवं प्लग-एंड-प्ले पार्क से संबंधित प्रस्तावों की जानकारी कलेक्टर को दी गई. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इंदौर जिले में चल रही सभी औद्योगिक परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में क्रियान्वित करने का लक्ष्य रखे.



# संत कबीर के अमर पदों का गायन किया

## संगिनी कैंसर केयर सोसायटी का वार्षिकोत्सव

**इंदौर.** संगिनी कैंसर केयर सोसायटी का 19वां वार्षिक उत्सव संगिनी की उमंग, श्री मध्य भारत साहित्य समिति में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया.

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जनक पलटा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया. कबीर वाणी की सांस्कृतिक व मनमोहक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में अंजना सक्सेना द्वारा कबीर वाणी की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही. उन्होंने संत कबीर के अमर पदों का गायन किया, जिनमें मुख्य रूप से- माया महा ठगनी...मौकों कहां ढूंढे...झीनी रे झीनी...मत कर माया का अभिमान...मन ला यार फकीरी में शामिल थे. श्रीमती सक्सेना ने अपने गायन के माध्यम से संत कबीर के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनके आध्यात्मिक विचारों पर प्रकाश डाला. प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य कबीर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था. इस अवसर पर, यह संदेश भी दृढ़ता से दिया गया कि दुनिया में इंसानियत का रिश्ता सबसे अधिक मूल्यवान है. संगिनी कैंसर केयर सोसायटी का यह वार्षिक उत्सव समाज को स्वास्थ्य, साहित्य और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक करने के एक सफल प्रयास के रूप में संपन्न हुआ.

# दिल के दर्द को भूलकर भी कभी न करें नजरअंदाज

## रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल का कार्यक्रम

**इंदौर.** दिल के दर्द को भूलकर भी कभी नजरअंदाज न करें बल्कि शीघ्र अपने हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर जांच करवाये अन्यथा जान को खतरा हो सकता है.

यह कहना है हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता राव का. वे पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी. कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल ने किया था. डॉ. सरिता राव ने हृदय रोग संबंधी बीमारियों को विस्तार से रेखांकित करते हुए आगे कहा कि स्वस्थ रहने के लिए रोजाना नियमित व्यायाम करें, तीन-चार किलोमीटर रोज पैदल चले, संतुलित भोजन करें और तनाव मुक्त रहे. इस अवसर पर डॉ. राव ने बेसिक



लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण भी सभागार में करके दिखाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता उप पुलिस आयुक्त प्रकाश परिहार ने की. इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल और सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे विशेष रूप से उपस्थित थे. अतिथि स्वागत प्रकाश परिहार एवं पुरुषोत्तम वाघमारे द्वारा किया गया. संचालन कमलेश पांडे ने किया.

# जानबूझकर किए पापों से गंगा स्नान भी मुक्ति नहीं दिला सकता : प्रभु नागर

## अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में भागवत कथा

**इंदौर.** हम चाहे कितने ही तीर्थ और गंगा स्नान से लेकर पूजा-पाठ और अन्य अनुष्ठान करा लें, हमारे पाप कर्मों का फल हमें भुगतना ही पड़ेगा. यह भी याद रखें कि अनजाने में किए गए पाप तो भगवान के नाम जपने और प्रार्थना करने से क्षीण हो सकते हैं लेकिन जानबूझकर किए गए पाप कर्मों का फल हमें ही भुगतना पड़ेगा. यही नहीं इन सब पाप कर्मों का फल हमें मनुष्य के रूप में ही भुगतना होगा क्योंकि पशुओं को दर्द तो होता है, दु:ख नहीं होता. दु:ख की अनुभूति केवल इन्सान ही कर सकता है.

मालव माटी के सपूत, संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र तथा प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ संत प्रभुजी नागर ने शनिवार को अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान तृतीय दिवस पर उपस्थित जन सैलाब को संबोधित करते हुए उक्त



प्रेरक विचार व्यक्त किए. पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान गुड्डू, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता आदि ने मुख्य यजमान सुरेश अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, दिनेश बंसल पंप, सुखदेव पाटीदार, अनुग्रह जैन, हेमंत गर्ग, ओमप्रकाश बंसल पंप सहित अनेक भक्तों ने उनकी अगवानी की. मातृशक्ति की ओर से अनिता अग्रवाल, कृष्णा गर्ग, इंदिरा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, कृतिका अग्रवाल, सुनंदा लड्ढा, इंदुमती जैन एवं अलका गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया. अन्नपूर्णा के इस परिसर में पं. प्रभुजी अपने श्रीमुख से 12 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा करेंगे.

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पं. नागर के भजनों पर नाचने-गाने का सिलसिला तो पहले दिन से ही चल रहा है. आज भी उन्होंने चार भजन सुनाए और इस दौरान मानो समूचा पंडाल थिरकता रहा. . कथा आयोजक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि अधिक संख्या में श्रद्धालु आएँगे तो पंडाल का और भी विस्तार करने की व्यवस्था की हुई है.

